## –: टीप एवं आख्याएं :–

मुख्य विकास अधिकारी/जिलाधिकारी महोदय,

कृपया जल जीवन मिशन कार्यक्रम "हर घर नल" उपलब्ध कराने के क्रम में पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु सूचीबद्ध फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो लि0 एवं मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) द्वारा जनपद–बलरामपुर में पाइप पेयजल योजना के कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में दिनांक 02.06.2026 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की आयोजित बैठक की कार्यवृत्त का पत्रालेख पत्रावली में दायीं ओर रक्षित है।

कृपया सहमति की दशा में हस्ताक्षर करना चाहें।

अधिशासी अभियन्ता,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बलरामपुर।

कार्यालय जिलाधिकारी, बलरामपुर
पत्रावली प्राप्ति का दिनांक 08.6.26
पत्रावली वापसी का दिनांक 08.6.26

## जल जीवन मिशन–''हर घर नल से जल योजना'' के अन्तर्गत दिनांक 02.06.2026 को जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

जल जीवन मिशन कार्यकम–''हर घर नल से जल योजना'' के अन्तर्गत जनपद–बलरामपुर में नामित एजेन्सी– मे. लारसेन एण्ड टूब्रो चेन्नई एवं मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) द्वारा पाइप पेयजल योजना के कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर की अध्यक्षता मेंदिनांक 02.06.2026 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिलाधिकारी कार्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार, बलरामपुर में आयोजित की गई। जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्यों एवं नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. मुख्य विकास अधिकारी, बलरामपुर।
2. जिला पंचायती राज अधिकारी, बलरामपुर।
3. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर।
4. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद–बलरामपुर।
5. परियोजना प्रबन्धक मे0 लारसेन एण्ड टूब्रो, बलरामपुर।
6. परियोजना प्रबन्धक, मे0 दारा इंजीनियरिंग, बलरामपुर।
7. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बलरामपुर।
8. डिप्टी टीम लीडर, मे0 सेन्सिस टेक लि.(टी.पी.आई.), बलरामपुर।

सदस्य सचिव द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा जनपद–बलरामपुर हेतु नामित एजेन्सी– मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, चेन्नई एवं मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0), जोधपुर द्वारा पाइप पेयजल योजनाओं पर किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में पी0पी0टी0 के माध्यम से अवगत कराया गया।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो लि0 को आवंटित 199 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 159 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण कर नियमित जलापूर्ति की जा रही है।शेष 40 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य प्रगति पर है।कार्यदायी संस्था द्वारा 199 नग ट्यूबवेल एवं पम्प हाउस का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया गया है। कार्यदायी संस्था को आवंटित 199 नग योजनाओं के सापेक्ष 181नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर 159 नग सोलर पैनल संचालित है। पाइप लाइन की कुल लम्बाई 2103 कि0मी0 के सापेक्ष 2095 कि0मी0 बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। कार्यदायी संस्था द्वारा 295 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 176 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत ''हर घर जल'' प्रमाणीकरण रिपोर्टिंग कर 148 नग राजस्व ग्राम (सम्मिलित 101 नग योजनाएं) को ''हर घर जल'' प्रमाणित किया गया है। फर्म 237 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत मार्गों के पुनर्स्थापना/मरम्मत का कार्य किया गया है।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा ओ0एच0टी0 एवं सोलर पैनल अधिष्ठापन के कार्य हेतु पर्याप्त मैनपावर उपलब्ध न होने के कारण अवशेष 40 नग पाइप पेयजल योजनाओं का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है।

**निर्देशः**

**जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म मे0 लारसेन एण्ड टूब्रो के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि अवशेष 40 नग योजनाओं के ओ0एच0टी0 एवं सोलर पैनल अधिष्ठापन हेतु पर्याप्त मैनपावर की वृद्धि करते हुए अतिशीघ्र कार्यों को पूर्ण कराकर जलापूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करें। जिन पाइप पेयजल योजनाओं पर ट्यूबवेल, पम्प हाउस एवं सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां तत्काल सीधे पम्प के माध्यम से ग्रामवासियों को पेयजल उपलब्ध करायें। जिन साइटों पर सोलर अधिष्ठापन का कार्य नहीं हुआ है, वहां सोलर पैनल का अधिष्ठापन कराते हुए सीधे पम्प द्वारा जलापूर्ति प्रारम्भ की जाए। पाइप लाइन बिछाये जाने के दौरान राजस्व ग्रामों में काटी/तोड़ी गयी विभिन्न प्रकार की सड़कों का रेस्टोरेशन शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्वक किया जाना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारियों महोदय द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, जल निगम(ग्रामीण) के माध्यम से अवशेष 40 नग पाइप पेयजल योजनाओं का सत्यापन कराते हुए रिपोर्ट जीयोटैग फोटोग्राफ सहित प्रस्तुत करें।**

कार्यवाही– अधि0 अभि0/सहा0अभि0/जू0इं0, जल निगम(ग्रामीण)/मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो।

CamScanner

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) द्वारापिछली बैठक के सापेक्ष आवंटित 430 नग पाइप पेयजल योजनाओं में 130नग योजनाओं का कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति की जा रही है। वर्तमान तक 183 नग योजनाओं में ओ0एच0टी0 के टॉप डोम, 58 नग बॉटम डोम एवं109 नग स्टेजिंग लेवल तक का कार्य पूर्ण किया गया है। ओ0एच0टी0 एवं रोड रेस्टोरेशन के कार्य हेतु 95 नग टीम की आवश्यकता है परन्तु वर्तमान में फर्म के पास मात्र 26 नग टीम ओ0एच0टी0 एवं 13 नग टीम रोड रेस्टोरेशन हेतु उपलब्ध है।फर्म द्वारा 430 नग ट्यूबवेल के सापेक्ष 392 नग ट्यूबवेल का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया गया है। 430 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 350 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कार्यदायी संस्था को आवंटित 430 नग योजनाओं के सापेक्ष 316 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर 130 नग सोलर पैनल संचालित है। पाइप लाइन की कुल लम्बाई 4558 कि0मी0 के सापेक्ष 4390 कि0मी0 बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। कार्यदायी संस्था द्वारा 595 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 118 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत "हर घर जल" प्रमाणीकरण रिपोर्टिंग कर 76 नग राजस्व ग्राम को "हर घर जल" प्रमाणित किया गया है। फर्म द्वारा 490 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत मार्गो के पुनर्स्थापना/मरम्मत का कार्य किया गया है।


सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा ओ0एच0टी0 एवं सोलर पैनल अधिष्ठापन के कार्य हेतु पर्याप्त मैनपावर उपलब्ध न होने के कारण अवशेष 220 नग पाइप पेयजल योजनाओं का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है।


निर्देशः

**जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म मेसर्स दारा ईको प्रोटेक्शन (जे0वी0) के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं पर ट्यूबवेल, पम्प हाउस, सोलर पैनल अधिष्ठापन एवं पाइप लाइन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, उन सभी योजनाओं पर सीधे पम्प के माध्यम से ग्रामवासियों को पेयजल आपूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करें। जिन योजनाओं में ओ0एच0टी0 का कार्य टॉप डोम तक पूर्ण कर लिया गया है, वहां इनलेट/आउटलेट, राइजिंग मेन आदि कार्यों को पूर्ण करते हुए अतिशीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ करायें। यह भी निर्देशित किया गया कि सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, जल निगम(ग्रामीण) के माध्यम से अवशेष 220 नग पाइप पेयजल योजनाओं का सत्यापन कराते हुए रिपोर्ट जीयोटैग फोटोग्राफ सहित प्रस्तुत करें। सोलर पैनल अधिष्ठापन हेतु कम से कम 10 टीम लगायी जाए, जिससे कि प्रति सप्ताह 10 सोलर अधिष्ठापन तथा उसके संचालन की प्रगति हो सके जिससे कि सीधे पम्प द्वारा योजना से जलापूर्ति प्रारम्भ करायी जा सके। पाइप लाइन बिछाये जाने के दौरान राजस्व ग्रामों में काटी/तोड़ी गयी विभिन्न प्रकार की सड़कों का रेस्टोरेशन शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्वक किया जाना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।**

**कार्यवाही–अधि0 अभि0/सहा0अभि0/जू0इं0, जल निगम(ग्रामीण)/ मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन जे0वी0।**

निर्देशः






जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि उपरोक्त बार चार्ट के अनुसार पेयजल योजना का कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें, जिससे निर्धारित लक्ष्य के अनुसार अवशेष योजनाओं का कार्य पूर्ण किया जा सके।

निर्देशः

जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांकः 01.06.2026 को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद–बलरामपुर में सदर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत परसिया माफी, विकास खण्ड उतरौला के बढ़या पकड़ी व विकास खण्ड रेहरा बाजार के अचलपुर चौधरी स्थित पाइप पेयजल योजनाओं का निरीक्षण किया गया है, निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देश निम्नवत् हैं–

**1– ग्राम परसिया माफीः–**

विकास खण्ड, बलरामपुर के ग्राम पंचायत परसिया माफी में फेज–3 के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन (जे0वी0) द्वारा पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य कराया गया है, जिसकी लागत लगभग रू0 1.5 करोड़ है। उक्त ओवरहेड टैंक की क्षमता 75 कि0ली0/स्टेजिंग 12 मीटर है। ट्यूबवेल (275 एल0पी0एम0), पम्प हाउस 01 नग, बाउण्ड्रीवॉल 01 नग तथा 13 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल अधिष्ठापित है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रा0) द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना की वितरण प्रणाली के अन्तर्गत 2556 मीटर अर्थात शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करते हुए प्रस्तावित 250 नग पेयजल कनेक्शन के सापेक्ष 190 घरों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रा0) को निर्देशित किया गया कि शत–प्रतिशत घरों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। क्लोरीनेशन के लिए लगाए गए प्लाण्ट से ऑटोमैटिक क्लोरीनेशन हो रहा है। उक्त पेयजल योजना से लगभग 1275 की जनसंख्या लाभान्वित हो रही है।

श्री विवेक, केयर टेकर द्वारा प्रस्तुत पंजिका का अवलोकन किया गया। पंजिका के अनुसार सुबह–शाम 02–02 घण्टे जलापूर्ति हो रही है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्राम का भ्रमण कर ग्रामीणों से जलापूर्ति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई। ग्रामवासियों द्वारा भी बताया गया कि सुबह–शाम जलापूर्ति हो रही है। उक्त परियोजना की Defects Liability Period 03 साल तथा O&M 10 साल है।

**2– बढ़या पकड़ीः–**

विकास खण्ड, उतरौला के ग्राम पंचायत बढ़या पकड़ी में फेज–2 के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मेसर्स लार्सेन एण्ड टूब्रो लि0 द्वारा पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया गया है। उक्त ओवरहेड टैंक की क्षमता 125 कि0ली0/स्टेजिंग 10मीटर है। ट्यूबवेल (420 एल0पी0एम0), पम्प हाउस 01 नग, बाउण्ड्रीवाल 01 नग तथा 12.5किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल अधिष्ठापित है। अवगत कराया गया कि वितरण प्रणाली के अन्तर्गत 5346 मीटर अर्थात शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करते हुए प्रस्तावित 396 नग पेयजल कनेक्शन के

CS CamScanner

सापेक्ष 246 घरों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। उक्त पेयजल योजना से ग्राम पंचायत के 04 मजरों की लगभग 1978 की जनसंख्या लाभान्वित हो रही है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्राम का भ्रमण कर ग्रामीणों से जलापूर्ति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई। ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि कुछ जगहों को छोड़ कर सुबह–शाम जलापूर्ति हो रही है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रा0) को निर्देशित किया गया कि शत–प्रतिशत घरों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

3– अचलपुर चौधरीः–

विकास खण्ड– रेहरा बाजार के ग्राम पंचायत अचलपुर चौधरी में फेज–3 के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन (जे0वी0) द्वारा पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य कराया गया है। उक्त ओवरहेड टैंक की क्षमता 150 कि0ली0/स्टेजिंग 12 मीटर है। ट्यूबवेल (500 एल0पी0एम0), पम्पहाउस 01 नग, बाउण्ड्रीवाल 01 नग तथा 14.17 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल अधिष्ठापित है। बताया गया कि वितरण प्रणाली के अन्तर्गत 8636 मीटर अर्थात शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करते हुए प्रस्तावित 473 नग पेयजल कनेक्शन के सापेक्ष 452 घरों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। उक्त पेयजल योजना से ग्राम पंचायत के 06 मजरों की लगभग 2271 की जनसंख्या लाभान्वित हो रही है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रा0) को निर्देशित किया गया कि शत–प्रतिशत घरों में पेयजल आपूर्ति तत्काल सुनिश्चित की जाए।

**कार्यवाही– अधि0 अभि0, जल निगम(ग्रामीण)।**

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(संदीप सिंह)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता भूगर्भ जल
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला कृषि अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

प्रभागीय वन अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला पंचायती राज अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

मुख्य विकास अधिकारी,
(उपाध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
बलरामपुर।

जिलाधिकारी,
(अध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
बलरामपुर।

CamScanner